**Tools for Humanity** निजता सूचना

वर्ल्डकॉइन समुदाय का भाग बनने का विकल्प चुनने के लिए आपका धन्यवाद! Worldcoin एक ओपन-सोर्स प्रोटोकॉल है, जिसे डेवलपर्स, लोगों, और अन्य योगदानकर्ताओं के एक वैश्विक समुदाय का समर्थन प्राप्त है।

यह निजता सूचना हमारी वेबसाइट्स, ऐप्लिकेशंस ("ऐप"), और इस निजता सूचना से जुड़ी अन्य सेवाओं (सामूहिक रूप से, "सेवाएँ") के आपके द्वारा उपयोग के ज़रिए आपके द्वारा हमें दिए गए डेटा पर लागू होती है। यह निजता सूचना उपयोगकर्ता नियमों और शर्तों ("उपयोगकर्ता शर्तें") में शामिल है और उन्हीं के द्वारा नियंत्रित होती है। Tools for Humanity Corporation ("TFH US"), अपनी जर्मन सहायक कंपनी Tools for Humanity GmbH ("TFH Germany"; एक साथ, "**TFH**" या "हम,""हमारा/हमारी/हमारे/हमसे") के साथ मिलकर, Worldcoin प्रोटोकॉल ("Worldcoin") के प्रारंभिक विकास और वृद्धि में योगदान दे रही है।

1. नियंत्रक

हम समस्त "World ऐप डेटा" और अन्य "व्यवसाय डेटा" के डेटा नियंत्रक हैं: Tools for Humanity Corporation, 548 Market Street, PMB 49951, San Francisco, CA 94104 USA. TFH को यूरोपीय संघ ("**EU**") में Tools for Humanity GmbH के माध्यम से स्थापित किया गया है।

- "World ऐप डेटा" का अर्थ World ऐप के आपके द्वारा उपयोग, जैसा नीचे सेक्शन 5 में और विस्तार से वर्णित है, के ज़रिए एकत्र व प्रोसेस किए गए सारे व्यक्तिगत डेटा से है, पर इसमें ऐसा कोई भी व्यक्तिगत डेटा शामिल नहीं है जो Worldcoin प्रोटोकॉल या Worldcoin टोकन के आपके द्वारा उपयोग से संबंधित है (जैसे आपका वॉलेट पता और लेनदेन से संबंधित डेटा, जिसे हम नियंत्रित नहीं करते हैं)।
- "व्यवसाय डेटा" का अर्थ ईमेल, वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग या हमारी वेबसाइट्स के ज़रिए हमसे संचार करते समय या हमारे साथ किसी अन्य प्रकार से कार्य या व्यवहार करते समय हमारी कंपनी द्वारा अन्य साधनों के ज़रिए एकत्र व प्रोसेस किए गए सारे व्यक्तिगत डेटा से है।

2. इस निजता सूचना में अपडेट

हम कभी-कभी इस निजता सूचना को अपडेट करते हैं। अगर हम बड़े बदलाव करते हैं, जैसे हमारे द्वारा आपकी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग के तरीके में बदलाव, तो हम ईमेल के ज़रिए या आपके ऐप में संदेश के ज़रिए आपको सूचित करेंगे।

3. इस निजता सूचना में क्या है**?**

- आपकी निजता और डेटा का संरक्षण करने की हमारी वचनबद्धता
- हम क्या-क्या जानकारी एकत्र करते हैं और क्यों
- हमारे द्वारा एकत्र डेटा का उपयोग हम कैसे करते हैं
- हम आपके डेटा को कहां प्रोसेस करते हैं
- हम आपका डेटा कब साझा करते हैं
- सार्वजनिक ब्लॉकचेन पर आपका डेटा कैसे रिकॉर्ड होता है
- हम कुकीज़ का उपयोग कैसे करते हैं
- हम आपका डेटा कब तक रखते हैं
- यह निजता सूचना बच्चों और किशोरों के लिए किस प्रकार अलग है
- आपके सांविधिक अधिकार
- इस निजता सूचना के बारे में हमसे कैसे संपर्क करें

4. आपकी निजता और डेटा का संरक्षण करने की हमारी वचनबद्धता

हम आपकी निजता का संरक्षण करने और आपके डेटा को सुरक्षित करने के लिए गहराई से वचनबद्ध हैं। हम मानते हैं कि हम हमारे डिजिटल टोकन अधिकतम संभव लोगों में निष्पक्षता से वितरित करने का हमारा मिशन केवल तब पूरा कर सकते हैं जब लोग हम पर भरोसा करते हों, और निजता व डेटा की सुरक्षा आपका भरोसा जीतने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

निजता

हमने आपकी निजता को ध्यान में रखते हुए हमारे उत्पादों और सेवाओं को डिज़ाइन किया है। हम हमारे उत्पादों और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। हम यहां इस निजता सूचना में या उत्पाद अथवा सेवा विशेष के डेटा सहमति फ़ॉर्म्स में हमेशा आपको बताएंगे कि हम क्या-क्या डेटा एकत्र कर रहे हैं, हम वह डेटा क्यों एकत्र कर रहे हैं, और हम उसका क्या करते हैं।

डेटा सुरक्षा

हमारे पास आपके डेटा की देखभाल के लिए एक अलग टीम है और हमने ऐसे भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा-उपाय लागू किए हैं जो पारगमन और स्थिर अवस्था, दोनों के दौरान आपके डेटा की सुरक्षा करते हैं। साथ-ही-साथ, हम यह भी कहेंगे कि कोई भी सेवा पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो सकती है। यदि आपको आपके खाते या आपके डेटा के बारे में कोई चिंता हो, तो कृपया हमसे हमारे अनुरोध पोर्टल के ज़रिए संपर्क करें या हमें Tools For Humanity Corporation, 548 Market Street, PMB 49951, San Francisco, CA 94104 USA पर लिखें।

5. हम क्या-क्या जानकारी एकत्र करते हैं और क्यों

**5.1** वह डेटा जो आप हमें देते हैं

एक उपयोगकर्ता के रूप में आपके लिए यह आवश्यक नहीं है कि आप ऐप के उपयोग के लिए कोई डेटा दें। हालाँकि, सेवाओं के भीतर किसी सुविधा विशेष के उपयोग के लिए आपको हमें कुछ डेटा देने की ज़रूरत पड़ सकती है। उपयोगकर्ता की सहमति और अनुबंध (सेवाएं प्रदान करने की हमारी वचनबद्धता) का निष्पादन नीचे लिखे मामलों में प्रोसेसिंग के कानूनी आधार हैं। नीचे दी गई सूची में बताया गया है कि आप हमें कौन-कौन सा डेटा दे सकते हैं और हम उस डेटा का उपयोग किसलिए करते हैं:

- प्रथम और अंतिम नाम। आप अपने खाते से जोड़ने के लिए अपना नाम दर्ज करने का विकल्प चुन सकते हैं। हम और, जब अन्य उपयोगकर्ता आपके खाते से व्यवहार करने का विकल्प चुनते हैं तब वे अन्य उपयोगकर्ता, आपका नाम देख सकते हैं। जब आप कोई डेटा आयत्त अनुरोध भेजते हैं तब हम आपका नाम मांग सकते हैं। उपयोगकर्ता शर्तों के तहत सेवा का निष्पादन इस डेटा की प्रोसेसिंग का कानूनी आधार है।

- ईमेल पता। आप अपने खाते से जोड़ने के लिए अपना ईमेल दर्ज करने का विकल्प चुन सकते हैं। आप Worldcoin परियोजना के नवीनतम समाचार पाने हेतु हमारी मेलिंग सूची को सब्सक्राइब करने के लिए भी अपना ईमेल दे सकते हैं। जब आप कोई डेटा आयत्त अनुरोध भेजते हैं तब हम आपका ईमेल मांग सकते हैं। उपयोगकर्ता शर्तों के तहत सेवा का निष्पादन इस डेटा की प्रोसेसिंग का कानूनी आधार है।

- फोन नंबर। आप अपने खाते से जोड़ने के लिए अपना फोन नंबर दर्ज करने का विकल्प चुन सकते हैं। अगर आप अनुमति देते हैं तो, अन्य उपयोगकर्ता आपके फोन नंबर के ज़रिए आपका खाता ढूंढ पाएंगे। जब आप कोई डेटा आयत्त अनुरोध भेजते हैं तब हम एक फोन नंबर मांग सकते हैं। उपयोगकर्ता शर्तों के तहत सेवा का निष्पादन इस डेटा की प्रोसेसिंग का कानूनी आधार है।

- आपकी ओर से फ़ीडबैक और पत्र-व्यवहार। इनमें वे कोई भी ईमेल, चैट संदेश, या अन्य संदेश शामिल हैं जो आप हमें ईमेल या तृतीय-पक्ष सोशल मीडिया वेबसाइट्स के ज़रिए भेजते हैं। हम हमारी सेवाओं के आपके द्वारा उपयोग के बारे में सर्वेक्षणों के संचालन के लिए किसी तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता का उपयोग कर सकते हैं। उपयोगकर्ता शर्तों के तहत सेवा का निष्पादन इस डेटा की प्रोसेसिंग का कानूनी आधार है।

- अड्रेस बुक संपर्क। आप आपकी अड्रेस बुक में हो सकने वाले अन्य उपयोगकर्ताओं को ढूँढना और उनसे व्यवहार करना आपके लिए आसान बना सकने वाली सुविधा को सक्षम करने हेतु अपनी अड्रेस बुक की पहुँच ऐप को प्रदान कर सकते हैं। अड्रेस बुक की जानकारी आपके डिवाइस से बाहर नहीं जाती है। आयत्त का 'ऐप के भीतर ढूंढे जा सकने का' वैध हित और साझाकर्ता उपयोक्ता का ऐप में अपने संपर्कों को ढूंढने का हित इस डेटा की प्रोसेसिंग के कानूनी आधार हैं।

कृपया ध्यान दें: अपने संपर्कों की जानकारी का साझाकरण लागू कानूनों का अनुपालन करता हो यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी आपकी है।' इसके लिए यह आवश्यक हो सकता है कि आप अपने संपर्कों से अनुमति लें और आप अन्य लोगों से प्राप्त किसी भी संपर्क विवरण को उनकी स्पष्ट सहमति के बिना TFH से साझा नहीं करेंगे।' आप जब चाहें तब अपना विचार बदल सकते हैं और अपनी डिवाइस सेटिंग्स में जाकर आपके संपर्कों तक हमारी पहुँच को बंद कर सकते हैं। अगर आप, आपके कौन-कौन से संपर्क हमारी सेवाओं का उपयोग करते हैं यह देखने के लिए या हमारी सेवाओं के आपके द्वारा उपयोग में उन्हें साथ जोड़ने के लिए अपने डिवाइस की अड्रेस बुक ऐप में लाने का विकल्प चुनते हैं तो हम समय-समय पर आपके संपर्कों के फोन नंबर, उन नंबरों के साथ और हमारे सर्वर्स पर अन्य उपयोक्ताओं द्वारा दिए गए संबंधित वॉलेट पतों के साथ सिंक करेंगे।

- स्थान जानकारी। आप कोई स्थान-आधारित सेवा (जैसे आपको अपने आस-पास कोई Orb ऑपरेटर ढूंढने में सक्षम बनाने वाली सुविधा) चालू करने का विकल्प चुन सकते हैं। हम GPS, IP पते, सेल टॉवर की जानकारी, या Wi-Fi एक्सेस पॉइंट की जानकारी के ज़रिए आपके स्थान के बारे में जानकारी एकत्र कर सकते हैं। किस प्रकार का स्थान डेटा एकत्र किया जाएगा यह बात इस बात पर निर्भर है कि आप किस सेवा का उपयोग कर रहे हैं, आप किस डिवाइस का उपयोग कर रहे हैं (जैसे, Apple या Android), और आपके डिवाइस की सेटिंग्स क्या हैं (अनुमतियां चालू हैं या बंद)। आप जब चाहें तब अपने डिवाइस की सेटिंग्स में जाकर अपनी अनुमतियां बदल सकते हैं।

- एंटरप्राइज़ डेटा। अगर आपका हमसे कोई व्यापारिक संबंध है (जैसे अगर आप ओर्ब ऑपरेटर हैं या सप्लायर हैं), तो हम उस व्यापारिक संबंध को आगे बढ़ाने के लिए और हमारे अपने-ग्राहक-को-जानें दायित्व पूरे करने के लिए आपसे नाम, डाक पते, ईमेल, फोन नंबर, वॉलेट पता, और अन्य दस्तावेज़ (जैसे आपकी सरकारी ID) आदि जानकारी मांग सकते हैं। हम अपने-ग्राहक-को-जानें दायित्व पूरे करने हेतु ऊपर लिखी जानकारी और दस्तावेज़ प्राप्त करने में मदद के लिए तृतीय-पक्ष सेवाओं, जैसे Onfido, का उपयोग कर सकते हैं।

- **P2P** मार्केटप्लेस। अगर आप (जहां उपलब्ध हैं वहां) ऐसी P2P मार्केटप्लेस सेवाओं का उपयोग करते हैं जो आपको अन्य उपयोगकर्ताओं से डिजिटल टोकन खरीदने की सुविधा देती हैं, तो हम कुछ अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर सकते हैं, जैसे आपका वॉलेट पता, आपकी संपर्क जानकारी (यानी आपका फोन नंबर), और लेनदेन से जुड़ी आपकी खाता संख्या (जैसे, आपकी M-PESA संख्या)। हम P2P मार्केटप्लेस सेवाएं देने के भाग के रूप में लेनदेन डेटा को रिकॉर्ड करते हैं। हम लागू KYC आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए भी अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर सकते हैं।

- डिवाइस मेटाडेटा। यदि आप ऐप का उपयोग कर रहे हैं तो हम यह सुनिश्चित करने के लिए आपके डिवाइस से मेटाडेटा एकत्र कर रहे हैं कि ऐप ठीक से काम कर रही हो और यह कि आप हमारे नियमों और शर्तों का उल्लंघन न कर रहे हों। इसमें डिवाइस आइडेंटिफ़ायर और IP पते एकत्र करना शामिल है।

- डिवाइस **World ID** डेटा। हम एक अद्वितीय डिवाइस फ़िंगरप्रिंट की गणना करने के लिए भी आपके डिवाइस मेटाडेटा को प्रोसेस करते हैं। इस फ़िंगरप्रिंट का हैश एक संकेत का काम करता है जो डिवाइस World ID के साथ आपकी अद्वितीयता सिद्ध करता है।

- आवेदन डेटा। अगर आप हमारे लिए काम करना चाहते हैं तो आपको हमें अपना आवेदन भेजना होगा जिसमें आपका कवर लेटर और CV होते हैं और साथ ही वह व्यक्तिगत जानकारी होती है जिसे आप प्रकट करना चाहते हैं।

ऊपर विस्तार से वर्णित प्रत्येक डेटा प्रोसेसिंग गतिविधि के लिए प्रोसेसिंग के कानूनी आधार की जानकारी इस निजता सूचना के अंत में दिए गए संलग्नक **1 –** क्षेत्राधिकार अनुसार **Tools for Humanity** की डेटा प्रोसेसिंग गतिविधियों के कानूनी उद्देश्य में दी गई है।

**5.2** वह डेटा जो हम तृतीय-पक्ष स्रोतों से एकत्र करते हैं

समय-समय पर हम आपके बारे में निम्नलिखित तृतीय-पक्ष स्रोतों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं:

- ब्लॉकचेन डेटा। हमारी सेवाओं को उपयो ग में लाने वाले पक्ष हमारे उपयोगकर्ता शर्तों के अंतर्गत गैरकानूनी या निषिद्ध गतिविधियों में संलिप्त न हों यह सुनिश्चित करने के लिए, और शोध एवं विकास के प्रयोजनों से लेनदेन के रुझानों (ट्रांज़ेक्शन ट्रेंड्स) का विश्लेषण करने के लिए हम सार्वजनिक ब्लॉकचेन डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं।

- पहचान सत्यापन सेवाएं। अगर कानून द्वारा आवश्यक किया जाए (जैसे लागू अपने-ग्राहक-को-जानें आवश्यकताएं) तो हम आपकी पहचान के सत्यापन के लिए आपके डेटा का उपयोग करते हुए तृतीय-पक्ष सेवाओं से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। स्पष्टीकरण के लिए बता दें कि हम कानून द्वारा आवश्यक किए गए अनुसार आपकी पहचान का सत्यापन करते समय आपके बायोमेट्रिक डेटा का उपयोग नहीं करते हैं।

- प्रतिभा डेटाबेस। हम प्रतिभावान व्यक्तियों को जॉब ऑफ़र देने के लिए विभिन्न स्रोतों से डेटा एकत्र कर सकते हैं।

**5.3** वह डेटा जो हम स्वचालित ढंग से एकत्र करते हैं

लागू कानून के अंतर्गत अनुमन्य होने पर, जब आप हमारी सेवाओं से व्यवहार करते हैं तब हम कुछ प्रकार के डेटा स्वचालित ढंग से एकत्र कर सकते हैं। इस जानकारी से हमें ग्राहक सहयोग समस्याएं हल करने, सेवाओं का प्रदर्शन बेहतर करने, आपको एक सुवीही और वैयक्तिकृत अनुभव प्रदान करने, और आपके खाता क्रेडेन्शियल्स (पहचान जानकारी) को सुरक्षित करने में मदद मिलती है। स्वचालित रूप से एकत्र जानकारी

- ऑनलाइन आइडेंटिफ़ायर: जिओ-लोकेशन (भौगोलिक स्थान) और ट्रैकिंग के विवरण (ऊपर देखें), कंप्यूटर या मोबाइल फोन का ऑपरेटिंग सिस्टम, वेब ब्राउज़र का नाम और संस्करण, और IP पते। बहुत सीमित मामलों में इन डेटा को हमारे धोखाधड़ी और अवैध वित्तीय प्रवाह संसूचन में भी डाला जाता है। इनसे हमारे सॉफ़्टवेयर का एक स्थिर और धोखाधड़ी-मुक्त अनुभव भी मिलता है।

- उपयोग डेटा: प्रमाणन डेटा, सुरक्षा प्रश्न, और कुकीज़ व इसी प्रकार की अन्य टेक्नॉलजी के ज़रिए एकत्र अन्य डेटा।

- कुकीज़: आपके हार्ड ड्राइव या इन-डिवाइस मेमोरी में स्टोर की जाने वाली छोटी-छोटी डेटा फ़ाइल्स जो हमें हमारी सेवाओं और आपके अनुभव को बेहतर बनाने में, हमारी सेवाओं के कौनसे क्षेत्र और सुविधाएँ लोकप्रिय हैं यह देखने में, और आगमनों की गिनती करने में मदद देती हैं। उन डेटा की प्रोसेसिंग के कानूनी आधार के लिए हमारी कुकी नीति देखें जिसमें हमने हमारे द्वारा प्रयोग की जा रहीं विभिन्न प्रकार की कुकीज़ के बारे में समझाया है।

इसी प्रकार, समस्या-समाधान और सुधार के लिए भी ऐप जानकारी एकत्र करती है। हम अंत उपयोगकर्ता के उपयोग और व्यवहारों के बारे में पुंजित जानकारी देखने के लिए तृतीय-पक्ष सेवाओं, जैसे Segment.io या PostHog, का उपयोग करते हैं। जहां संभव हो वहां, हम तृतीय पक्षों को भेजी जाने वाली जानकारी न्यूनतम करने या उसे ढकने (जैसे डेटा को एनकोड करने) के कदम उठाते हैं।

**5.4** बेनामीकृत और पुंजित डेटा

बेनामीकरण एक डेटा प्रोसेसिंग तकनीक है जो व्यक्तिगत डेटा को इस तरह बेनामी बना देती है कि उसे किसी व्यक्ति विशेष से जोड़ा नहीं जा सकता है और इसलिए उसे फिर व्यक्तिगत डेटा नहीं माना जाता है। बेनामीकृत डेटा के उदाहरणों में शामिल हैं:

- लेनदेन का डेटा

- क्लिक-स्ट्रीम डेटा
- प्रदर्शन की मापें
- धोखाधड़ी संकेतक (हालाँकि इस उद्देश्य के लिए व्यक्तिगत डेटा का भी उपयोग होता है)

हम डेटा को पुंजित भी करते हैं, यानी जानकारी की विशाल मात्रा को इस प्रकार संयुक्त कर देते हैं कि वह किसी व्यक्ति विशेष की पहचान या उसे संदर्भित न कर पाए। हम हमारे व्यावसायिक उद्देश्यों, जैसे उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं और व्यवहारों को बेहतर ढंग से समझना, हमारी सेवाओं को और बेहतर बनाना, व्यावसायिक खुफिया सूचनाएँ पाना और मार्केटिंग करना, सुरक्षा खतरों का पता लगाना और हमारे एल्गोरिद्म्स को प्रशिक्षित करना, के लिए बेनामीकृत या पुंजित डेटा का उपयोग करते हैं।

कार्यशील ऐप या वेबसाइट, व्यापारिक अंतर्दृष्टियां और धोखाधड़ी की रोकथाम का वैध हित, ऊपर लिखे डेटा की प्रोसेसिंग का कानूनी आधार है।

6. हमारे द्वारा एकत्र डेटा का उपयोग हम कैसे करते हैं

आपकी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग के लिए हमारे पास कोई वैध कारण (या “प्रोसेसिंग का कानूनी आधार”) होना ज़रूरी है। कुछ मामलों में, आपकी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग के लिए आपकी अग्रिम सहमति आवश्यक नहीं होती है। हम आपके डेटा का उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों से करते हैं:

- उपयोगकर्ता शर्तों के तहत हमारे उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना और उन्हें कायम रखना। इन सेवाओं में शामिल हैं:
  - ऐप, जिसमें उपयोगकर्ता अपनी World ID का और डिजिटल टोकन का प्रबंधन कर सकते हैं और सामान्यतः क्रिप्टोकरेंसी के बारे में तथा विशिष्टतः Worldcoin परियोजना के बारे में जानकारी पा सकते हैं;
  - ऑपरेटर ऐप, जिसमें ओर्ब ऑपरेटर्स अपने प्रबंधनाधीन ओर्ब्स का और उनके आंकड़ों का प्रबंधन व पर्यवेक्षण कर सकते हैं;
  - P2P मार्केटप्लेस, जहां हम उपयोगकर्ताओं को एजेंट्स से जोड़ते हैं;
- हमारे उत्पादों और सेवाओं को बेहतर बनाने तथा विकसित करने के लिए, जिसमें हमारी सेवाओं में मौजूद त्रुटियों को डीबग करके ठीक करना शामिल है।
- डेटा विज्ञान शोध संचालित करने के लिए
- बेहतर सहयोग प्रदान हेतु हमारी सेवाओं के आपके द्वारा उपयोग का विश्लेषण करने के लिए।
- आपकी अद्वितीयता सिद्ध करने हेतु आपको ब्लॉकचेन पर जानकारी प्रकाशित करने में सक्षम बनाने के लिए।
- आपको हमारे द्वारा समर्थित डिजिटल टोकन भेजने हेतु आपके वॉलेट पते का उपयोग करने के लिए।
- लागू कानूनों, जैसे धनशोधन-रोधी कानून, और प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए। इसके लिए यह आवश्यक है:
  - आपके IP पते का उपयोग करके उन व्यक्तियों को अवरुद्ध करना जिनका देश उन्हें सेवाओं तक पहुँचने की अनुमति नहीं देता है;
  - लागू डेटा संरक्षण कानूनों के तहत डेटा आयत्त अनुरोधों, जैसे पहुँच या मिटाव के अनुरोधों, का उत्तर देने के लिए;
  - संभावित रूप से गैरकानूनी वित्तीय प्रवाहों, जैसे काली सूची में पड़े वॉलेट्स से आने वाला प्रवाह, पर नज़र रखने के लिए; और
- आपके ग्राहक सेवा अनुरोधों, शिकायतों, और प्रश्नों को संभालने के लिए।
- विवाद हल करने के लिए, समस्याओं का निवारण करने के लिए, और आपके साथ हमारे करारों, जिसमें यह निजता सूचना और उपयोगकर्ता शर्तें शामिल हैं, को लागू करने के लिए।
- सेवाओं के अपडेट्स के संबंध में आपसे संपर्क करने के लिए।

7. हम आपके डेटा को कहां प्रोसेस करते हैं

7.1 डेटा अंतरण।

जब आप हमें अपना डेटा देते हैं, तो वह आपके डेटा के मूल एकत्रण वाले स्थान से बाहर के किसी स्थान को अंतरित, में भंडारित, या में प्रोसेस किया जा सकता है। आपका डेटा जिस देश को अंतरित, में भंडारित, या में प्रोसेस किया जाता है, हो सकता है कि वहां उस देश जैसे डेटा संरक्षण कानून न हों जहां आपने आरंभ में डेटा दिया था।

हम निजता कानूनों के संबंध में प्रत्येक क्षेत्राधिकार में कथित सिद्धांतों के पालन का हर संभव प्रयास करते हैं। हम आपके क्षेत्राधिकार से बाहर के डेटा प्रोसेसर्स के साथ डेटा केवल तब साझा करते हैं यदि उक्त अंतरण कानून-सम्मत हो और यदि हमें पूरा विश्वास हो कि डेटा प्रोसेसर लागू कानूनों के तहत आवश्यक किए गए के अनुसार, और हमारे मानकों के अनुसार भी, आपके डेटा की सुरक्षा करेगा।

7.2 अंतरण के जोखिम

यदि हम आपका डेटा संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, या किसी अन्य देश को स्थानांतरित करते हैं तो जो जोखिम पैदा हो सकते हैं उनकी सूची नीचे दी गई है। नीचे हमने सारांश में यह भी बताया है कि हम उन जोखिमों की गंभीरता कैसे घटाते हैं।

- हालांकि, हमारे सबकॉन्ट्रेक्टर आपके डेटा के पर्याप्त संरक्षण के लिए अनुबंध द्वारा बाध्य हों यह सुनिश्चित करने के लिए हम हर संभव प्रयास करते हैं, पर हो सकता है कि ये सबकॉन्ट्रेक्टर आपके देश के डेटा निजता कानून के अधीन न हों। यदि सबकॉन्ट्रेक्टर प्राधिकार के बिना आपके डेटा को गैर-कानूनी ढंग से प्रोसेस करते हैं, तो उस सबकॉन्ट्रेक्टर के विरुद्ध आपके डेटा निजता अधिकारों का दावा किया जाना कठिन हो सकता है। हम हमारे सबकॉन्ट्रेक्टर से GDPR के स्तर पर डेटा का संरक्षण करने और आयत्तों के अनुरोधों की पूर्ति करने के लिए उन्हें बाध्य करने वाले कठोर डेटा प्रोसेसिंग करार करके इस जोखिम की गंभीरता घटाते हैं।
- यह संभव है कि आपके देश का डेटा निजता कानून, US या EU के डेटा निजता कानूनों से मेल न खाते हों। हम जिन-जिन डेटा संरक्षण मानकों के अधीन हैं उनमें से हम हमेशा सबसे ऊँचे मानक का पालन करने की कोशिश करते हैं।
- यह संभव है कि आपका डेटा अधिकारियों और प्राधिकरणों की सरकारी पहुँच के अधीन होगा। ऐसे मामलों में हमने स्वयं को पहुँच के किसी भी अमान्य, अधि-व्यापक, या गैर-कानूनी सरकारी अनुरोध को न्यायालय में चुनौती देने के लिए प्रतिबद्ध किया है। हम अनधिकृत पहुँच को रोकने के लिए उन्नत एन्क्रिप्शन का उपयोग भी करते हैं।

कृपया ध्यान दें कि इस सूची में आपके लिए मौजूद सभी संभव जोखिम नहीं बल्कि उनके कुछ उदाहरण मात्र ही हैं।

8. हम आपका डेटा कब साझा करते हैं

हम आपका डेटा कभी नहीं बेचेंगे।

जब हम आपका डेटा हमारे संगठन से बाहर साझा करते हैं तो हम हमेशा:

- उसे समुचित रूप से सुरक्षित ढंग से साझा करेंगे;
- यह सुनिश्चित करने के उपाय करेंगे कि उसे आपकी निजता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप ढंग से हैंडल किया जाए; और
- अन्य कंपनियों द्वारा उनके स्वयं के प्रयोजनों से उसके उपयोग पर रोक लगाएँगे।

हम इन सीमित तरीकों से आपका डेटा अवश्य साझा करते हैं:

- **Worldcoin Foundation** से: हम Worldcoin की ओर से व्यक्तिगत डेटा के एकत्रण के लिए Worldcoin Foundation के प्रोसेसर्स के रूप में कार्य कर सकते हैं (और जानकारी के लिए कृपया Worldcoin की निजता सूचना देखें)।’
- हमारे संगठन के भीतर: हम डेटा का प्रकटन हमारे केवल उन टीम सदस्यों के समक्ष करते हैं जिन्हें अपने कार्यों और दायित्वों के निर्वहन के लिए उस तक पहुँचने की आवश्यकता होती है। हम केवल उतने डेटा का प्रकटन करते हैं जितना कार्यों और दायित्वों विशेष के निर्वहन के लिए आवश्यक होता है और हम एक कठोर पहुँच नियंत्रण सिस्टम लागू रखते हैं।
- हमारे संगठन से बाहर के वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं से: हम केवल उन सेवा प्रदाताओं के समक्ष डेटा का प्रकटन करते हैं जिनकी सेवाओं पर हम डेटा की प्रोसेसिंग के लिए और आपको हमारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए निर्भर करते हैं। हम पहचान सत्यापन वेंडर्स के समक्ष डेटा केवल तब प्रकट करते हैं जब कानून (यानी, अपने-ग्राहक-को-जानें आवश्यकताओं) द्वारा आवश्यक किया जाए।
- ऐसे सेवा प्रदाताओं की श्रेणियाँ इस प्रकार हैं:
- क्लाउड सेवा प्रदाता (सभी डेटा प्रकार)
- SaaS प्रदाता; हम निम्नलिखित श्रेणियों में SaaS उत्पादों का उपयोग करते हैं:
  - डेटाबेस और मूलभूत ढाँचा प्रबंधन
  - डेटा सुरक्षा
  - भर्ती
  - संचार
  - सर्वेक्षण
  - KYC/KYB यानी आधिकारिक दस्तावेज़ों की जांच

    - डेटा आयत्त अनुरोध प्रबंधन
    - तकनीकी सहायता
    - उपयोगकर्ता सहायता
- बाहरी विशेषज्ञ
    - विशेषज्ञ सॉफ़्टवेयर डेवलपर
    - कानूनी विशेषज्ञ
    - कर सलाहकार
- बैंक
- लेबलिंग सेवा प्रदाता (केवल विशेष सुरक्षा-उपायों के तहत)
- आवेदकों और ओर्ब ऑपरेटर्स के लिए पृष्ठभूमि जांच सेवाएं
- विधि प्रवर्तन, अधिकारियों या अन्य तृतीय पक्षों से: हम लागू कानूनों के अनुपालन के लिए और अनिवार्य कानूनी माँगें पूरी करने के लिए आपके डेटा का प्रकटन कर सकते हैं। हम प्रत्येक अनुरोध पर सावधानीपूर्वक विचार करके यह निर्धारित करेंगे कि अनुरोध कानून का अनुपालन करता है या नहीं, और जहां उपयुक्त हो वहां, हम अमान्य, अतिशय, या गैरकानूनी अनुरोधों को चुनौती देंगे। जहां हमें यह उचित विश्वास हो कि कानून, विनियम, या अन्य कानूनी प्रक्रिया अथवा दायित्व के अनुपालन के लिए पुलिस या अन्य सरकारी प्राधिकारियों से डेटा साझा करना आवश्यक है वहां हम ऐसा कर सकते हैं।
- अगर हमारा यह विश्वास हो कि आपके कृत्य हमारे उपयोगकर्ता शर्तों से असंगत हैं, अगर हमारा यह विश्वास हो कि आपने कानून का उल्लंघन किया है, या अगर हमारा यह विश्वास हो कि हमारे अधिकारों, संपत्ति, और सुरक्षा, हमारे उपयोगकर्ताओं, जनता, या अन्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक है तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा कर सकते हैं।
- हम, सलाह प्राप्त करने या अन्यथा हमारे व्यापारिक हितों की सुरक्षा और प्रबंधन के लिए, जहां आवश्यक हो वहां हमारे वकीलों और अन्य पेशेवर सलाहकारों से आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा कर सकते हैं।
- हम, किसी विलय, कंपनी आस्तियों की बिक्री, वित्तीयन, या किसी अन्य कंपनी द्वारा हमारे संपूर्ण व्यापार या उसके किसी अंश के अधिग्रहण के संबंध में या उससे संबंधित मोलभाव के दौरान आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा कर सकते हैं।
- डेटा, जिसमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी शामिल है, को हमारी वर्तमान और भावी जनक कंपनियों, सहबद्ध कंपनियों और अनुषंगी कंपनियों तथा साझा नियंत्रण व स्वामित्व वाली अन्य कंपनियों में से दो या दो से अधिक कंपनियों के बीच साझा किया जा सकता है।
- हम आपकी सहमति से या आपके निर्देश पर आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा कर सकते हैं।

9. सार्वजनिक ब्लॉकचेन पर आपका डेटा कैसे रिकॉर्ड होता है

सेवाओं के आपके द्वारा उपयोग से संबंधित लेनदेन जानकारी किसी सार्वजनिक ब्लॉकचेन पर रिकॉर्ड की जा सकती है।

कृपया ध्यान दें: ब्लॉकचेन लेनदेन की सार्वजनिक बहियाँ होती हैं जिन्हें ऐसे तृतीय-पक्षों जो Worldcoin द्वारा नियंत्रित या संचालित नहीं हैं, के द्वारा संचालित विकेंद्रीकृत नेटवर्क्स पर बनाकर रखा जाता है। ब्लॉकचेन बहियों की सार्वजनिक और अपरिवर्तनीय प्रकृति के कारण, हम किसी ब्लॉकचेन पर अपलोड व भंडारित किए गए डेटा में संशोधन, के मिटाव या के प्रकटन के नियंत्रण की योग्यता की गारंटी नहीं दे सकते हैं।

10. हम कुकीज़ का उपयोग कैसे करते हैं

हम हमारी सेवाओं को बेहतर कार्य करने में मदद देने के लिए कुकीज़ का उपयोग करते हैं। हमारी सेवाओं के उपयोगकर्ताओं को ट्रैक करने के लिए हम कुकीज़ के साथ-साथ, उसके जैसी अन्य टेक्नॉलजी, जैसे वेब बीकन्स, का उपयोग भी कर सकते हैं। वेब बीकन्स (जिन्हें "पारदर्शी gifs" भी कहते हैं), अद्वितीय आइडेंटिफ़ायर वाले नन्हे ग्राफिक्स होते हैं जिनका कार्य कुकीज़ जैसा ही होता है। हमारी कुकी नीति, यहाँ इसमें संदर्भ द्वारा सम्मिलित।

हम Google Analytics का भी उपयोग करते हैं। जब आप Google की साझेदार वेबसाइट्स और ऐप्लिकेशंस का उपयोग करते हैं तब Google आपके डेटा का उपयोग कैसे करता है इस बारे में अधिक जानकारी यहाँ है: https://policies.google.com/technologies/partner-sites.' सेवाओं का उपयोग करने के द्वारा, आप हमारे द्वारा आपके कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर कुकीज़ व अन्य डेटा भंडारित किए जाने व उस तक पहुँचे जाने और उक्त गतिविधियों के सिलसिले में Google Analytics का उपयोग किए जाने पर सहमति देते हैं। कृपया प्रदत्त लिंक पर मौजूद जानकारी पढ़ें ताकि आप समझ सकें कि आप किस पर सहमति दे रहे हैं।

11. हम आपका डेटा कब तक रखते हैं?

तब के सिवाय जब लागू कानून अन्यथा आवश्यक करता हो, आपको हमारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए, हमारे वैध व्यावसायिक उद्देश्य पूरे करने के लिए, और हमारे कानूनी व नियामक दायित्वों का अनुपालन करने के लिए जब तक आवश्यक हो तब तक हम आपका डेटा हमारे पास रखते हैं। अगर आप हमारे यहां आपका जो खाता है उसे बंद करते हैं, तो हम एक माह के भीतर आपका खाता डेटा मिटा देंगे; अन्यथा हम 2 वर्ष की निष्क्रियता के बाद आपका खाता डेटा मिटा देंगे। अगर कानून आवश्यक करे तो, हम हमारे कानूनी और नियामक दायित्वों, जिनमें धोखाधड़ी की निगरानी, उसका पता लगाना और उसकी रोकथाम करना, और कर (टैक्स), लेखांकन (अकाउंटिंग), और वित्तीय रिपोर्टिंग के दायित्व शामिल हैं, के अनुपालन के लिए जब तक आवश्यक हो तब तक आपका व्यक्तिगत डेटा हमारे पास बनाए रखेंगे।

कृपया ध्यान दें: ब्लॉकचेन विकेंद्रीकृत तृतीय-पक्ष नेटवर्क होती हैं जिन्हें हम नियंत्रित या संचालित नहीं करते हैं। ब्लॉकचेन टेक्नॉलजी की सार्वजनिक और अपरिवर्तनीय प्रकृति के कारण, हम ब्लॉकचेन पर स्टोर किए गए डेटा को संशोधित नहीं कर सकते, मिटा नहीं सकते और उसका प्रकटन नियंत्रित नहीं कर सकते हैं।

12. यह निजता सूचना बच्चों और किशोरों के लिए किस प्रकार अलग है

18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को इन सेवाओं के उपयोग की अनुमति नहीं है, और हम 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों से जानते-बूझते हुए डेटा एकत्र नहीं करते हैं। यदि आपका विश्वास है कि 18 वर्ष से कम आयु के आपके बच्चे को आपकी अनुमति के बिना सेवाओं की पहुँच मिल गई है, तो कृपया हमारे अनुरोध पोर्टलके ज़रिए हमसे संपर्क करके उसके डेटा को मिटाने का अनुरोध करें।

अगर हमें यह पता चलता है कि हमने 18 वर्ष से कम आयु वाले किसी बच्चे से डेटा एकत्र किए हैं, तो हम उस डेटा को अधिकतम संभव शीघ्रता से मिटा देंगे। हमने सेवाओं के उपयोग को कम-से-कम 18 वर्ष की आयु वालों तक सीमित रखने के उपाय किए हैं, जैसे आयु का पता लगाने वाला एक स्वचालित AI-मॉडल, ऑपरेटर्स को दिए गए निर्देश, और स्व-प्रमाणन। हम बच्चों में उत्पादों या सेवाओं की मार्केटिंग नहीं करते हैं।

14. इस निजता सूचना के बारे में हमसे कैसे संपर्क करें

आप ऐप के भीतर सेटिंग मेन्यू में जाकर अपना डेटा मिटा सकते हैं। यदि आपके पास इस निजता सूचना के बारे में प्रश्न या चिंताएँ हों, आप अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहते हों, या हमारे डेटा संरक्षण अधिकारी (डेटा प्रोटेक्शन ऑफ़िसर, DPO) से संपर्क करने के लिए, कृपया हमारे अनुरोध पोर्टल के ज़रिए अपना अनुरोध भेजें या हमें Tools For Humanity Corporation, 548 Market Street, PMB 49951, San Francisco, CA 94104 USA पर लिखें। हम, अपने डेटा संरक्षण अधिकारों का उपयोग करने की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों से प्राप्त सभी अनुरोधों का उत्तर लागू डेटा संरक्षण कानूनों के अनुसरण में देते हैं। आप ऐप के भीतर से भी अपना डेटा मिटा सकते हैं।

अगर आपके पास निजता या डेटा उपयोग से जुड़ी ऐसी कोई अनसुलझी चिंता हो जिसे हमने संतोषजनक ढंग से हल न किया हो, तो कृपया अपने क्षेत्राधिकार के डेटा संरक्षण नियामक से संपर्क करें। यदि आप EU में रहते हैं तो आपको अपना डेटा संरक्षण नियामक यहाँमिल जाएगा।

15. आपके अधिकार

ये अधिकार तब तक लागू होते हैं जब तक हम अनुरोधकर्ता को हमारे डेटाबेस में पहचान सकते हों और जब तक हम अनुरोधकर्ता' के अधिकारों के उपयोग से किसी अन्य डेटा आयत्त के अधिकारों का उल्लंघन न कर रहे हों:

- आपके पास हमारे द्वारा प्रोसेस किए जाने वाले आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा के बारे में किसी भी समय हमसे अनुरोध करके हमसे जानकारी पाने का अधिकार है। आपके पास आपसे संबंधित डेटा हमसे पाने का अधिकार है।
- आपके पास यह माँग करने का अधिकार है कि यदि आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा में अशुद्धियाँ हैं तो हम तुरंत उन्हें ठीक करें।
- आपके पास यह माँग करने का अधिकार है कि हम आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा मिटा दें। ये पूर्वापेक्षाएँ विशेष रूप से तब व्यक्तिगत डेटा को मिटवाने का अधिकार प्रदान करती हैं जब वह उसके एकत्रण के या अन्यथा प्रोसेसिंग के उद्देश्यों से आवश्यक न रह जाए, बशर्ते कि लागू कानूनों के तहत मिटाव की आवश्यकताएँ प्रदान की जाएँ (जैसे, कई क्षेत्राधिकारों के कानून हमें एक तय समयावधि तक लेनदेन की जानकारी बनाए रखने को बाध्य करते हैं)।'
- आपके पास सहमति पर आधारित किसी भी डेटा प्रोसेसिंग पर अपनी सहमति स्वतंत्र रूप से वापस लेने या यदि डेटा प्रोसेसिंग सहमति पर आधारित नहीं है तो उस पर आपत्ति करने का अधिकार है।

16. अनुशेष

निम्नलिखित में, कई अनुशेष हमारे संचालन वाले संबंधित बाज़ारों के लिए कानूनन आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं। डेटा आयत्त के निवास क्षेत्र पर निर्भर करते हुए, यह जानकारी सहमति का भाग है। यह जानकारी आपके स्थान की जानकारी से अलग हो सकती है क्योंकि हम कुछ क्षेत्राधिकारों में कुछ सेवाएँ अवरुद्ध रखते हैं।' उपर्युक्त के साथ किसी भी विसंगति की स्थिति में, क्षेत्राधिकार विशेष के बारे में अधिक विशेष कथन अभिभावी होता है:

अनुशेष **A:** यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (यूरोपियन इकॉनमिक एरिया, **"EEA"**) और यूनाइटेड किंगडम (**"UK"**)

यदि आप EEA या UK में हैं तो आप पर निम्नलिखित लागू होगा: आपके पास कम-से-कम निम्नलिखित अधिकार हैं: आपके पास सामान्य डेटा संरक्षण विनियम (जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन), EU विनियम 2016/679 दिनांक 27.04.2016 ("GDPR") के तहत नीचे यथा वर्णित अतिरिक्त अधिकार हो सकते हैं। GDPR के तहत उपलब्ध अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए, कृपया हमसे हमारे अनुरोध पोर्टलपर संपर्क करें। अपवादस्वरूप मामलों को छोड़कर, हम आपका अनुरोध एक माह की सांविधिक समय-सीमा के भीतर हल कर देंगे। निम्नलिखित सेक्शन में GDPR शब्द के उपयोग में UK-GDPR भी शामिल है जिसे UK डेटा संरक्षण अधिनियम (डेटा प्रोटेक्शन एक्ट), 2018 के

रूप में UK के राष्ट्रीय कानून में शामिल किया गया है और यूरोपीय संघ (आहरण) अधिनियम (यूरोपियन यूनियन (विथड्रॉअल) एक्ट), 2018 की धारा 3 के आधार पर तथा डेटा संरक्षण, निजता एवं इलेक्ट्रॉनिक संचार (संशोधन इत्यादि) (EU निकास) विनियम 2019 (SI 2019/419) की अनुसूची 1 द्वारा संशोधित के अनुसार इंग्लैंड और वेल्स, स्कॉटलैंड तथा उत्तरी आयरलैंड के कानूनों के भाग के रूप में बनाए रखा गया है।

A.1 GDPR के तहत सांविधिक अधिकार

यदि आपके डेटा की प्रोसेसिंग GDPR के लागू होने के दायरे के भीतर आती है (*जैसे*, यदि आप EEA के निवासी हैं या UK में हैं) तो यह सेक्शन लागू होता है।' GDPR के तहत आपके पास अतिरिक्त अधिकार हो सकते हैं, जैसे नीचे वर्णित हैं। GDPR के तहत उपलब्ध अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए, कृपया हमसे हमारे अनुरोध पोर्टलपर संपर्क करें।

- आपके पास GDPR के अनु. 15 के दायरे के भीतर हमारे द्वारा प्रोसेस किए जाने वाले आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा के बारे में किसी भी समय हमसे अनुरोध करके हमसे जानकारी पाने का अधिकार है।
- आपके पास यह माँग करने का अधिकार है कि यदि आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा में अशुद्धियाँ हैं तो हम तुरंत उन्हें ठीक करें।
- आपके पास GDPR के अनु. 17 में वर्णित शर्तों के अधीन यह माँग करने का अधिकार है कि हम आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा मिटा दें। ये पूर्वावश्यक शर्तें विशेष रूप से एक मिटाने का अधिकार प्रदान करती हैं बशर्ते व्यक्तिगत डेटा अब उन प्रयोजनों के लिए आवश्यक न हो जिनके लिए वह एकत्र किया गया या अन्यथा प्रोसेस किया गया था, साथ ही, गैर-कानूनी प्रोसेसिंग के मामलों में, और संघीय कानून के तहत या हम जिस सदस्य राज्य के कानून के अधीन हैं उस कानून के तहत आपत्ति की मौजूदगी या मिटाने की बाध्यता की मौजूदगी के मामलों में भी उक्त अधिकार उपलब्ध है।
- आपके पास GDPR के अनु. 18 के अनुसार यह माँग करने का अधिकार है कि हम प्रोसेसिंग प्रतिबंधित कर दें।
- आपके पास GDPR के अनु. 20 के अनुसरण में, आपके द्वारा हमें दिए गए आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा को हमसे, एक निश्चित संरचना वाले, आम तौर पर प्रयोग होने वाले और मशीन द्वारा पढ़े जा सकने वाले प्रारूप में प्राप्त करने का अधिकार है।
- आपके पास GDPR के अनुच्छेद 21 के अनुसरण में, आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा की प्रोसेसिंग, जो अन्य के साथ-साथ, GDPR के अनुच्छेद 6 (1) वाक्य 1 बिंदु f के आधार पर की जाती है, पर किसी भी समय और आपकी परिस्थिति विशेष से संबंधित आधारों पर, आपत्ति करने का अधिकार है।
- आपके पास नियंत्रक द्वारा संचालित डेटा प्रोसेसिंग के संबंध में शिकायतें होने की स्थिति में सक्षम पर्यवेक्षी प्राधिकरण से संपर्क करने का अधिकार है। ज़िम्मेदार पर्यवेक्षी प्राधिकरण है: बवेरियाई राज्य डेटा संरक्षण पर्यवेक्षण कार्यालय/द बवेरियन स्टेट ऑफ़िस फ़ॉर द डेटा प्रोटेक्शन सुपरविज़न (Bayerisches Landesamt für Datenschutz)।
- यदि व्यक्तिगत डेटा की प्रोसेसिंग आपकी सहमति पर आधारित है, तो आप GDPR के अनु. 7 के तहत भविष्यव्यापी प्रभाव से किसी भी समय अपने व्यक्तिगत डेटा के उपयोग की अपनी सहमति वापस लेने के अधिकारी हैं, जिसमें सहमति वापसी की घोषणा करना उतना ही आसान है जितना सहमति की घोषणा करना। कृपया ध्यान दें कि सहमति की वापसी केवल भविष्य के लिए प्रभावी होती है। सहमति वापसी से पहले हो चुकी प्रोसेसिंग प्रभावित नहीं होती है।

A.2 डेटा अंतरण

- पर्याप्तता निर्णय विहीन किसी देश को डेटा अंतरित करते समय, हम EU के मानक अनुबंधीय खंडों (स्टेंडर्ड कॉन्ट्रेक्चुअल क्लॉज़ेज़) का उपयोग करते हैं। वर्तमान में हम केवल USA को व्यक्तिगत डेटा अंतरित कर रहे हैं।
- यदि व्यक्तिगत डेटा की प्रोसेसिंग आपकी सहमति पर आधारित है, तो आप GDPR के अनु. 7 के तहत भविष्यव्यापी प्रभाव से किसी भी समय अपने व्यक्तिगत डेटा के उपयोग की अपनी सहमति वापस लेने के अधिकारी हैं, जिसमें सहमति वापसी की घोषणा करना उतना ही आसान है जितना सहमति की घोषणा करना। कृपया ध्यान दें कि सहमति की वापसी केवल भविष्य के लिए प्रभावी होती है। सहमति वापसी से पहले हो चुकी प्रोसेसिंग प्रभावित नहीं होती है। कृपया ध्यान दें कि जो प्रोसेसिंग सहमति पर आधारित नहीं है वह सहमति की वापसी से प्रभावित नहीं होती है।

अनुशेष B: जापान

यदि आप जापान में निवास करते हैं तो आप पर अतिरिक्त रूप से निम्नलिखित लागू होता है।

B1. जापानी विनियमों से संबंधित जानकारी

हम जापानी कानूनों और विनियमों, जिनमें जापान का व्यक्तिगत जानकारी का संरक्षण अधिनियम (एक्ट ऑन द प्रोटेक्शन ऑफ़ पर्सनल इन्फ़ॉर्मेशन ऑफ़ जापान, “APPI”) शामिल है, का अनुपालन करते हैं। यह सेक्शन APPI में यथा परिभाषित “व्यक्तिगत जानकारी” की हमारे द्वारा हैंडलिंग पर लागू होता है जो इस बायोमेट्रिक डेटा सहमति फ़ॉर्म के अन्य अंशों पर वरीयता रखता है।

B2. डेटा साझाकरण

इस बायोमेट्रिक डेटा सहमति फ़ॉर्म के सेक्शन 3.5 के बावजूद, और तब के सिवाय जब लागू कानून अन्यथा अनुमति देते हों, हम किसी भी तृतीय पक्ष को आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रकटन, की बिक्री, प्रदान, साझा या अंतरित नहीं करते हैं।

**B3.** सुरक्षा नियंत्रण उपाय

इस बायोमेट्रिक डेटा सहमति फ़ॉर्म के सेक्शन 3.6 के संबंध में, हम हैंडल की जा रही आपकी व्यक्तिगत जानकारी के किसी भी रिसाव या हानि, या को किसी भी क्षति की रोकथाम के लिए, और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा अन्यथा कायम रखने के लिए आवश्यक और उपयुक्त उपाय करते हैं, जैसे [व्यक्तिगत जानकारी की हैंडलिंग के नियम स्थापित करने, व्यक्तिगत जानकारी की हैंडलिंग की नियमित निगरानी करने, कर्मचारियों को व्यक्तिगत जानकारी की हैंडलिंग में नियमित प्रशिक्षण प्रदान करने, व्यक्तिगत जानकारी की हैंडलिंग में प्रयुक्त उपकरणों की चोरी या हानि की रोकथाम करने और पहुँच नियंत्रण लागू करने] के द्वारा। हम व्यक्तिगत जानकारी हैंडल करने वाले हमारे कॉन्ट्रेक्टरों और कर्मचारियों का भी उपयुक्त पर्यवेक्षण करते हैं।

**B4.** विदेशों में तृतीय पक्षों को व्यक्तिगत डेटा प्रदान करने के बारे में संदर्भ जानकारी

आपका व्यक्तिगत डेटा EU और USA में प्रोसेस होता है।

**B5. APPI** के तहत सांविधिक अधिकार

APPI के तहत प्रदत्त अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए कृपया हमसे हमारे अनुरोध पोर्टल पर संपर्क करें।

अनुशेष **C:** आर्जेंटीना

यदि आप आर्जेंटीना गणराज्य के स्थायी निवासी हैं, तो हम आपको सूचित करते हैं कि सार्वजनिक जानकारी पहुँच अभिकरण (एजेंसी ऑफ़ एक्सेस टू पब्लिक इन्फ़ॉर्मेशन), कानून सं. 25,326 के नियंत्रक अभिकरण (कंट्रोल एजेंसी) के बतौर अपनी क्षमता में, के पास उन व्यक्तियों द्वारा दायर शिकायतों और दावों की सुनवाई की शक्ति है जिनके अधिकार व्यक्तिगत डेटा संरक्षण के संबंध में प्रभावी नियमों के गैर-अनुपालन से प्रभावित हुए हैं।

अभिकरण से निम्नवत संपर्क किया जा सकता है:

पता: Av. Pte. Gral. Julio A. Roca 710, 5th floor - Autonomous City of Buenos Aires

पोस्टल कोड: C1067ABP

फोन नंबर: (54-11) 3988-3968

ई-मेल : datospersonales@aaip.gob.ar

अनुशेष **D:** सिंगापुर

यदि आप सिंगापुर के निवासी हैं तो आप पर निम्नलिखित लागू होता है:

**D1.** आपके व्यक्तिगत डेटा का एकत्रण, उपयोग और प्रकटन

यदि आप सिंगापुर के निवासी हैं तो और आपकी सहमति के साथ, हम हमारी निजता सूचना में यथा वर्णित प्रत्येक उद्देश्य के लिए आपके व्यक्तिगत डेटा का एकत्रण, उपयोग या अन्यथा प्रकटन करेंगे। आप अपनी सहमति वापस लेने का अपना अधिकार जब चाहें तब प्रयोग कर सकते हैं, पर कृपया ध्यान दें कि संभव है कि आपके अनुरोध की प्रकृति और दायरे के आधार पर हम आपको हमारी सेवाएँ प्रदान करना जारी न रख पाएँ। कृपया इस पर भी ध्यान दें कि सहमति वापस लेने से हमारे द्वारा व्यक्तिगत डेटा का एकत्रण, उपयोग और प्रकटन वहाँ जारी रखने का हमारा अधिकार प्रभावित नहीं होता है जहाँ उक्त बिना-सहमति एकत्रण, उपयोग और प्रकटन को लागू कानूनों के तहत अनुमति हो या आवश्यक किया गया हो।[1]

**D2.** आपके डेटा आयत्त अधिकारों का उपयोग

आप हमसे हमारे अनुरोध पोर्टलपर संपर्क करके हमारे द्वारा एकत्र व्यक्तिगत डेटा को नियंत्रित कर सकते हैं और अपने किसी भी अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। हम जल्द-से-जल्द, आम तौर पर 30 दिनों के भीतर आपके अनुरोध का उत्तर देने का लक्ष्य रखते हैं। यदि हम 30 दिनों के भीतर आपके अनुरोध का उत्तर देने में असमर्थ हुए, या यदि हम आपके अनुरोध की पूर्ति में असमर्थ हैं तो हम आपको अग्रिम में सूचित करेंगे और कारण भी बताएँगे।[2]

जहाँ कानून में अनुमति हो वहाँ, हम आपके अनुरोध की पूर्ति के लिए आपसे प्रशासनिक शुल्क ले सकते हैं।

**D3.** अन्य देशों को आपके व्यक्तिगत डेटा का अंतरण

यदि आप सिंगापुर के निवासी हैं और हमने आपका डेटा एकत्र किया है, तो हम समय-समय पर आपका डेटा सिंगापुर से बाहर भी अंतरित कर सकते हैं। हालाँकि, हम हमेशा सुनिश्चित करेंगे कि आपके व्यक्तिगत डेटा को ऐसे स्तर का संरक्षण मिलना जारी रहे जो कम-से-कम सिंगापुर व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (सिंगापोर पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट), 2012 के तहत मिलने वाले संरक्षण से तुलनीय हो, जैसे, ASEAN आदर्श आनुबंधिक खंडों (मॉडल कॉन्ट्रेक्चुअल क्लॉज़ेज़) के उपयोग द्वारा।

अनुशेष E – दक्षिण कोरिया

यदि आप कोरियाई डेटा आयत्त हैं तो कोरियाई डेटा आयत्तों हेतु यह अनुशेष हमारे साथ आपके संबंध के सिलसिले में हमारे द्वारा प्रोसेस की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित हमारी कार्यप्रथाओं की व्याख्या करता है।

E.1 – व्यक्तिगत जानकारी का अंतरण

हम व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग के लिए उसे नीचे यथा निर्दिष्ट तृतीय पक्षों को प्रदान करते हैं:

- तृतीय पक्षों को व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करना

| प्राप्तकर्ता का नाम (यदि प्राप्तकर्ता कोई निगम (कॉर्पोरेशन) है तो निगम का नाम और उसकी संपर्क जानकारी) | प्राप्तकर्ता द्वारा उपयोग के उद्देश्य | प्राप्तकर्ता को प्रदत्त व्यक्तिगत जानकारी के बिंदु | प्राप्तकर्ता द्वारा व्यक्तिगत जानकारी अपने पास रखने की अवधियाँ | वे देश जिन्हें व्यक्तिगत जानकारी अंतरित होनी है और अंतरण का दिनांक, समय और विधियाँ |
|---|---|---|---|---|
| Tools for Humanity GmbH (dpo@toolsforhumanity.com) | इस सूचना में ऊपर सेक्शन 6 में वर्णित उद्देश्य। | इस सूचना में ऊपर सेक्शन 5 में वर्णित बिंदु। | इस सूचना में ऊपर सेक्शन 11 में परिभाषित स्टोरेज अवधियाँ। | जर्मनी<br>एकत्रण के समय संबंधित नेटवर्कों के ऊपर |
| Tools for Humanity Corp. (dpo@toolsforhumanity.com) | इस सूचना में ऊपर सेक्शन 6 में वर्णित उद्देश्य। | इस सूचना में ऊपर सेक्शन 5 में वर्णित बिंदु। | इस सूचना में ऊपर सेक्शन 11 में परिभाषित स्टोरेज अवधियाँ। | US<br>एकत्रण के समय संबंधित नेटवर्कों के ऊपर |

- तृतीय पक्षों को व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग की आउटसोर्सिंग:

आउटसोर्स की गई समस्त डेटा प्रोसेसिंग और संबंधित कंपनियों की सूची कृपया यहाँ देखें: https://www.toolsforhumanity.com/processors

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग को और/या स्टोरिंग के उद्देश्य से आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कोरिया से बाहर स्थित तृतीय पक्षों को आउटसोर्स और/या अंतरित कर सकते हैं:

यदि आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी विदेश भेजना नहीं चाहते, तो आप व्यक्तिगत जानकारी के अंतरण पर सहमति न देकर, या हमसे सीमापार अंतरण रोकने का अनुरोध करके इंकार कर सकते हैं, पर यदि आप इंकार करते हैं तो संभव है कि आप हमारी सेवाओं का उपयोग न कर पाएँ। उपर्युक्त व्यक्तिगत जानकारी के सीमापार अंतरण का कानूनी आधार यह तथ्य है कि यह अंतरण "व्यक्तिगत जानकारी की आउटसोर्स की गई उस प्रोसेसिंग या स्टोरेज का गठन करता है जो डेटा आयत्त से किए गए अनुबंध को निष्कर्ष तक पहुँचाने और उस अनुबंध की पूर्ति करने के लिए आवश्यक है" और सांविधिकतः विहित मामलों को निजता नीति में प्रकट किया जा चुका है (व्यक्तिगत जानकारी संरक्षण अधिनियम का अनुच्छेद 28-8(1)(iii))।

E.2 – व्यक्तिगत जानकारी का विनाश

जब व्यक्तिगत जानकारी अपने पास बनाए रखने की अवधि खत्म हो जाने या प्रोसेसिंग का उद्देश्य पूरा हो जाने इत्यादि के कारण व्यक्तिगत जानकारी अनावश्यक हो जाती है तो उसे बिना विलंब नष्ट कर दिया जाता है। विनाश की प्रक्रिया और विधि नीचे वर्णित हैं:

1) विनाश की प्रक्रिया: हम व्यक्तिगत जानकारी के कुछ बिंदुओं को नष्ट करने के लिए चुनते हैं और DPO की स्वीकृति के साथ उन्हें नष्ट कर देते हैं।

2) विनाश की विधि: हम इलेक्ट्रॉनिक फ़ाइल्स के रूप में रिकॉर्ड और स्टोर की हुई व्यक्तिगत जानकारी को किसी तकनीकी विधि (जैसे, निम्नस्तरीय फ़ॉर्मेट) से नष्ट करके यह सुनिश्चित करते हैं कि रिकॉर्ड दोबारा प्राप्त या बनाए न जा सकते हों, वहीं कागज़ी दस्तावेज़ों के रूप में रिकॉर्ड और स्टोर की हुई व्यक्तिगत जानकारी को हम महीन टुकड़ों में काटकर या भस्म करके नष्ट करते हैं।

E.3 – व्यक्तिगत जानकारी की स्टोरेज

यदि हमारे लिए लागू कानूनों के अनुसरण में आपकी व्यक्तिगत जानकारी हमारे पास बनाए रखना आवश्यक किया जाता है तो हम निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए और लागू कानूनों द्वारा आवश्यक की गई अवधियों तक ऐसा करेंगे।

E.4 – आपके अधिकार

आप लागू कानूनों, जिनमें व्यक्तिगत जानकारी संरक्षण अधिनियम (पर्सनल इन्फ़ॉर्मेशन प्रोटेक्शन एक्ट) शामिल है, द्वारा उपबंधित के अनुसार, व्यक्तिगत जानकारी के संबंध में हमारे विरुद्ध आपके अधिकारों, जिनमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँचने, उसमें संशोधन करने या उसे मिटाने, या उसकी प्रोसेसिंग स्थगित करने का अनुरोध शामिल हैं, का उपयोग कर सकते हैं। आप व्यक्तिगत जानकारी के एकत्रण/उपयोग/प्रदायगी की सहमति वापस लेने के अपने अधिकार, पोर्टेबिलिटी के अधिकार और स्वचालित निर्णय प्रक्रिया से संबंधित अधिकारों का भी उपयोग कर सकते हैं। आप अपने कानूनी प्रतिनिधियों या अन्य विधिवत अधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से भी ऐसे अधिकारों का उपयोग कर सकते हैं।

आप ऊपर वर्णित किसी भी लागू अधिकार का उपयोग हमसे हमारे अनुरोध पोर्टल पर संपर्क करके कर सकते हैं।

E.5 – सुरक्षा के उपाय

हम व्यक्तिगत जानकारी के संरक्षण के लिए लागू कोरियाई कानूनों द्वारा विहित तकनीकी, संगठनात्मक और भौतिक सुरक्षा उपाय, जैसे वे जो नीचे लिखे हैं, लागू करेंगे:

1) प्रबंधकीय उपाय: डेटा संरक्षण अधिकारी (डेटा प्रोटेक्शन ऑफ़िसर) की नियुक्ति, आंतरिक प्रबंधन योजना की स्थापना और कार्यान्वयन, कर्मचारियों को डेटा संरक्षण का नियमित प्रशिक्षण, इत्यादि;

2) तकनीकी उपाय: व्यक्तिगत जानकारी प्रोसेसिंग सिस्टम तक पहुँच के प्राधिकार का प्रबंधन, एक पहुँच नियंत्रण सिस्टम की स्थापना, सुरक्षा कार्यक्रमों की स्थापना, इत्यादि; और

3) भौतिक उपाय: व्यक्तिगत जानकारी स्टोरेज इकाइयों और उपकरणों, जैसे कंप्यूटर कक्षों और डेटा स्टोरेज कक्षों इत्यादि तक की पहुँच पर प्रतिबंध।

E.6 – हमसे संपर्क करें

निजता और डेटा संरक्षण से संबंधित प्रश्नों या पूछताछ के लिए, कृपया हमारी डेटा संरक्षण टीम से dpo@toolsforhumanity.com पर संपर्क करें।

अनुशेष F – USA

कैलिफ़ोर्निया निजता अधिकार अधिनियम (प्राइवेसी राइट्स एक्ट) द्वारा यथा संशोधित कैलिफ़ोर्निया उपभोक्ता निजता अधिनियम (कंस्यूमर प्राइवेसी एक्ट) हम पर वर्तमान में लागू नहीं होता है।

संलग्नक 1 – क्षेत्राधिकार अनुसार Tools for Humanity की डेटा प्रोसेसिंग गतिविधियों के कानूनी आधार/उद्देश्य

| कानूनी आधार // देश कानूनी आधार // देश | वैकल्पिक ऐप वैश्लेषिकी | लेनदेन का डेटा | स्थान (लोकेशन), ओर्ब (Orb) स्टेशन दिखाने के लिए | धोखाधड़ी वैश्लेषिकी और कार्यक्षमता हेतु मेटाडेटा प्रोसेसिंग | संपर्क सिंक और फोन नंबर | पुश अधिसूचनाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GDPR / GDPR UK | सहमति | अनुबंध का निष्पादन | सहमति | वैध हित | सहमति | सहमति |
| हांगकांग | PDPO केवल सूचना आवश्यक करता है | PDPO केवल सूचना आवश्यक करता है | PDPO केवल सूचना आवश्यक करता है | PDPO केवल सूचना आवश्यक करता है | PDPO केवल सूचना आवश्यक करता है | PDPO केवल सूचना आवश्यक करता है |
| सिंगापुर | सहमति<br>अधिसूचना द्वारा मानित सहमति<br>व्यवसाय सुधार | सहमति<br>अनुबंधीय आवश्यकता द्वारा मानित सहमति<br>संचालन द्वारा | सहमति<br>अधिसूचना द्वारा मानित सहमति<br>वैध हित अपवाद | वैध दायित्व<br>वैध हित अपवाद | सहमति | सहमति |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अपवाद | मानित सहमति अधिसूचना द्वारा मानित सहमति | | | | |
| जापान | APPI केवल सूचना आवश्यक | APPI केवल सूचना आवश्यक | APPI केवल सूचना आवश्यक | APPI केवल सूचना आवश्यक | सहमति | सहमति |
| दक्षिण कोरिया | अनुबंध का निष्पादन | अनुबंध का निष्पादन | अनुबंध का निष्पादन | अनुबंध का निष्पादन | सहमति | सहमति |
| अर्जेंटीना | सहमति | अनुबंध का निष्पादन | सहमति | सहमति (तब के सिवाय जब ऐसा करने का कोई विशिष्ट स्थानीय कानूनी दायित्व हो, जैसे KYC संचालित करना, तब कानूनी दायित्व कानूनी आधार होगा) | सहमति | सहमति |
| मेक्सिको | सहमति | सहमति | सहमति | सहमति | सहमति | सहमति |

TFHPS20240314